


## एक नजर में

### ध्रुव मूंदड़ा सीए बने



**जीरापुर 07 जुलाई, सं.** बुधवारिया बाजार निवासी अजयकांत मुंदड़ा के पुत्र ध्रुव मुंदड़ा ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है . वे सीए बन गए है . इस उपलब्धि पर क्षेत्र के मित्रों ने परिवार जनों, ईष्ट मित्रों रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई दी है . ध्रुव मुंदड़ा ने अपनी शिक्षा इंदौर में पूर्ण की और वही एकेजी फर्म से आर्टिकल शिप करते हुए उन्होंने इस कंपटीशन को फेस किया .

### सप्ताह कार्यक्रम में किया वृक्षारोपण

**छापीहेड़ा 07 जुलाई, सं.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा प्रतिवर्ष सेवा सप्ताह कार्यक्रम चलाया जाता है . इसके अंतर्गत जिला राजगढ़ के प्रखंड छापीहेड़ा में आज सोमवार के दोपहर 12 वृक्षारोपण एवं साफ सफाई का कार्य किया गया . जिसमें शनि मंदिर परिसर पर साफ सफाई व वृक्ष लगाए गया एवं सेदरा रोड़ स्थित श्मशान घाट पर स्वच्छता को देखते हुए साफ सफाई का कार्य किया गया . इस कार्य में छापीहेड़ा प्रखंड के प्रखंड मंत्री ब्रजमोहन मेरोठा, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख आकाश तंवर,नगर अध्यक्ष आनंद राठौर ,नगर मंत्री अजय तोमर ( अज्जू )दुर्गा वाहिनी की बहाने एवं प्रखंड के और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस अवसर पर दोनों ही स्थान पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया .

### खेत पर तार–फेंसिंग खर्च सरकार करेगी

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार–फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी . अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं . उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं . विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है . आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है . विभाग द्वारा किसानों को तार–फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा . तार–फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है . इसमें डेड़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेड़ लाख रूपये किसान वहन करेगा .

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन

**राजगढ़ 07 जुलाई, का .** प्रदेश में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है . इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा–निर्देश जारी किये हैं . आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे . प्रदेश में जिन शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जायेगा उनके अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 जुलाई तक पोर्टल पर अपलोड किये जा सकेंगे .शिक्षक द्वारा किये गये नामांकन की प्रथम स्तर पर स्कूटनी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। समिति में राज्य शासन का प्रतिनिधित्व जिले के डाइट प्राचार्य और कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सदस्य के रूप में करेंगे .

# बारिश में आनंदित कर रहीं लहलहाती फसलें

## अनुकूल बारिश से फसलों की स्थिति बेहतर, जल स्त्रोंतो में भी बढ़ने लगा पानी

**सोयाबीन और मक्का की बोवनी पूरी हुई,**

**इस वर्ष मक्का के अच्छे रकबे की उम्मीद**

**बोवनी के बाद अनुकूल बारिश**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. खरीफ सीजन की बोवनी को एक पखवाड़ा होने को है, बोवनी के बाद से ही अनुकूल और समयानुसार बारिश होने से खेतों में फसलें लहलहाने लगी है. लहलहाती फसलें काफी आनंदित कर रही है.**

विदित है कि जून माह में ही मानसून ने जिले में अपनी दस्तक दे दी थी. पानी गिरने के बाद बोवनी का सिलसिला शुरु हो गया. अधिकांश जगह बोवनी किए हुए एक पखवाड़ा होने को है. खेतों में फसलें लहलहा रही है. समय–समय पर बारिश फसलों को कहीं अधिक बेहतर बना रही है.

खरीफ में जिले में सर्वाधिक रकबा सोयाबीन फसल का ही रहता है. ब्यावरा विकासखण्ड में इस बार 83420 हैक्टर में बोवनी का लक्ष्य रखा गया जिसमें से 81579 हैक्टर में बोवनी हुई है. विकासखण्ड में बोवनी की फसलों का अनुमानित रकबा इस प्रकार है. सोयाबीन की बोवनी का रकबा 78500 हैक्टर, मक्का 2800, मूंग 40, मुंगफली, अरहर 122, उड़द 55, धान 15, ज्वार 12 तथा तिल का रकबा 15 हैक्टर रहा है.



### मक्का का रकबा दोगुना हुआ

ब्यावरा विकासखण्ड में इस बार मक्का का रकबा काफी बढ़ा है . कृषि विभाग के अनुसार वर्तमान खरीफ बोवनी में विकासखण्ड में 2800 हैक्टर मे मक्का फसल की बोवनी की है . जबकि गत वर्ष यह रकबा 1200 हैक्टर के आसपास ही रहा था . क्षेत्र के ग्राम नेवज, नेवली, नापानेरा, अमानपुरा, अमृतपुरा, अमरगढ़, पहाड़गढ़, पारसाना सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में मक्का की बोवनी का रकबा बढ़ा है . क्षेत्र में शंकर मक्का की बोवनी की जाती है .

### उत्पादन और भाव में फायदा


कृषि विभाग के अनुसार मक्का फसल का उत्पादन काफी अधिक रहता है . साथ ही इसके भाव भी अच्छे मिल जाते है . एक बीघा में करीब 10 क्विंटल मक्का आ जाती है . जबकि सोयाबीन एक बीघा में ढाई क्विंटल तक ही आ पाती है . ऐसे में मक्का फसल में अधिक फायदा होने से इस फसल का रकबा बढ़ा है .

*बोवनी के बाद से ही फसलों के अनुकूल बारिश हो रही है जिससे फसल काफी बेहतर स्थिति में है .*

**एन .एस . हरियाले, वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा**

### डेढ़ घंटे तक झमाझम बरसात, 335 मिमी पहुंचा आंकड़ा

**ब्यावरा 07 जुलाई, का .** इस बार मानसून की जिले में भी धमाकेदार शुरुआत हुई है . बारिश का सिलसिला जारी है . सोमवार को दोपहर में नगर में एक घंटे झमाझम बारिश हुई . तेज बारिश के बीच निकासी के अभाव में निचले स्थानों तथा सड़को पर पानी भर गया . गौरतलब है कि जुलाई माह का पहला सप्ताह ही हुआ है और जिले की औसत वर्षा 335 एमएम से ऊपर हो चुकी है . जिले की तीन तहसील में बारिश का आंकड़ा 300 एमएम के पार जा पहुंचा है . सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में हुई है . **डेढ़ घंटे में दो इंच बारिश–** सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे से झमाझम बारिश शुरु हो गई . यह क्रम लगभग डेढ़ घंटे तक सतत् रुप से चलता रहा . पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़को पर पानी ही पानी हो गया . करीब दो इंच बारिश होना देखा जा रहा है . इसके बाद भी मध्यम गति से बारिश का सिलसिला चलता रहा . इसी प्रकार जिले के अन्य स्थानों पर भी बारिश हुई . **फसल के मान से लाभदायक–** इस बार समय पर जून माह में ही जिले में बारिश का आगमन हो गया . कहीं तेज और कहीं मध्यम बारिश होने लगी . बोवनी भी सही समय पर हो गई . फसल के हिसाब से भी बेहतर बारिश हो रही है . जल स्त्रोंतो में भी अब पानी का स्तर बढ़ने लगेगा . 7 जुलाई की सुबह 8 बजे तक जिले की औसत वर्षा 335 .7 एमएम हो गई . जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक 200 एमएम ही बारिश हो पाई थी . जिले में अभी तक सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में दर्ज की गई है . आज दिनांक तक तहसीलों में हुई बारिश का आंकड़ा इस प्रकार है . जीरापुर 269 एमएम, खिलचीपुर 291 .4, राजगढ़ 342 .4, ब्यावरा में 475 .2 एमएम, नरसिंहगढ़ 378 .4, सारंगपुर 192 .2 तथा पचोर में 342 .2 एमएम बारिश हो चुकी है .



# पुलिस हिरासत में आया बाइक चोर, माल जब्त

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का.** मलावर पुलिस ने ग्रामीण ईलाकों में बाईक चोरी में शामिल शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है. विगत दिनों चोरी हुई 01 मोटर साइकिल बरामद की गई है. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा जिले में कानून व्यवस्था सुद्रण करने के साथ ही संपत्ति और वाहन चोरी संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है. अतरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ एवं नरसिंहगढ़ के मार्गदर्शन में थाना मलावर को सफलता मिली है. जानकारी के अनुसार फरियादि हेमराज पिता दयाराम वर्मा निवासी कमलियायखेड़ी की मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स कंपनी की जिसका क्रमांक एमपी 39 जेडडी 5420 कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था. थाना मलावर में अपराध क्रमांक 112/25 धारा 303(2) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था. पुलिस द्वारा टेक्निकल डाटा एवं सीसीटीवी फुटेज का एनालिस कर संदेही राहुल पिता बजे सिंह वर्मा उम्र 26 साल निवासी ग्राम अंगादपुर थाना मलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया. राहुल की निषादेही पर उक्त अपराध की मोटर साइकिल को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई है. उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक देवेंद्र राजपूत सहायक उप निरीक्षक मनोहर साहू , प्र आर 87 देवी सिंह , प्र आर 689 शशिकांत शुक्ला आर मनजीत जाट,आर दीपक व्यास की महत्पूर्ण भूमिका रही.



# डॉ मुखर्जी ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. जनसंघ के संस्थापक एवं प्रख्यात विचारक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर नगर सहित जिले भर में आयोजन हुए.**

डा.मुखर्जी को याद करते हुए वक्ताओं ने राष्ट्रीय निर्माण में दिए गये उनके अतुलनीय योगदान को याद किया. कहा कि डा. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. डा. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश मे राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया. उनके द्वारा स्थापित जनसंघ रुपी पौधा आज विश्व का सबसे बड़ा दल बन चुका है.

ब्यावरा एवं सुठालिया में कार्यक्रम आयोजित कर डा. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की.

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गये. श्री पंवार ने डा. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गये अतुलनीय योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया.

उन्होंने शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके विचारों और योगदान को भी विस्तार से रखा.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणास्पद अभियान एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर ब्यावरा के वार्ड 6 और सुठालिया के ब्रजधाम के उद्यान में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया.

इस दौरान जिला महामंत्री अमित शर्मा, ब्यावरा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, पार्षद विष्णु साहू, गोपाल जाटव, राम भील, गिरराज लववंशी, दीपक सामरे, जे.एल. मारोठिया, पदम लोधी, गिरराज लोधी, गौतम शर्मा, बनवारी पुष्पद, बनवारी कुशवाह, अशोक सेन, हरिओम दांगी, भारत मोगिया, रामगोपाल मीना, संदीप अहिरवार, सुठालिया मंडल अध्यक्ष श्याम सिह सौंधिया, इंदर सिंह लववंशी, महेश पालीवाल, राम भील, कमल कुशवाह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# अखाड़ों के साथ निकले ताजिए, मातमी धुनों के बीच विसर्जन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का.** नगर में मुहर्रम माह की 9 व 10 तारीख़ को अखाड़ों के साथ हुसैनी चौक मोमनपुरा से पंचायती ताजिया के साथ जुलूस प्रारंभ हुआ और जामा मस्जिद के पास इमाम बाड़ा से अखाड़ों के साथ सरकारी ताजिया का जुलूस निकाला गया. जो नगर के मातामंड चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक होता हुआ इमामबाड़ा पहुंचा उसके बाद इमामबाड़े से पीपल चौराहे होते हुए जुलूस राजगढ़ रोड़ पर पहुंचा वहां से विसर्जन के लिए ताजियो को जिला मुख्यालय पर स्थित नेवज नदी के कर्बला घाट पर ले जाया गया जहां पर विधिवत ताजियों का विसर्जन किया गया. आयोजन में पुलिस, प्रशासन एवं नगरपालिका के बेहतरीन इंतजाम के लिए अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर मोहर्रम कमेटी के सैयद मोहम्मद अली, गुफरान अंसारी, हलीम खान, अनवर हुसैन भय्यु, शाहरुख खान, रियाज खान, गप्पू लाला, आदिल हुसैन, रशीद खान मिलिट्री, इफ्तिखारुद्दीन भैया भाई, रईस खान, समीर खान, कल्लू भाई मंसूरी, युनूस अहमद, नवाब खान,आफताब हुसैन, अमजदउल्ला खान,इमरान खान,अन्नु गौरी, साकिब हुसैन शानू,रिजवान अंसारी,गुड्डू भाई ठेकेदार, मोहम्मद हुसैन और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे.



*तलेन. अखाड़ों में करतब दिखाते कलाकार.*

### शहादत के पर्व का समापन

**सुठालिया 07 जुलाई, सं.** सोमवार को हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत का पर्व मोहर्रम मातमी माहौल में मनाया गया. ताजिए नगर के प्रमुख मार्गो से निकले. कुर्बान अखाड़े के कलाकारों ने कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाए. इसके पूर्व ताजिये रविवार रात्रि को नगर के व्यवसाई रामचरण पुरुषोत्तम पालीवाल के निवास पर उतारे गए जहां पालीवाल व स्थानीय नागरिकों ताजिए पर इत्र लोबान छोड़कर अगरबत्ती प्रसाद चढ़ाकर इस्तकबाल किया. इसके बाद ताजिए गांधी चौक होते हुए गढ़ी के पीछे इस्लाम चौकी पर विश्राम किया. सोमवार को करवला के लिए सदर बाजार गांधी चौक बस स्टैंड होते हुए पार्वती नदी के लिए प्रस्थान किया. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ब्यावरा मधूसुदनगढ जामनेर चाचौड़ा के अखाड़ों के कलाकारों के साथ ढोल ताशे भी आए हुए थे. स्थानीय कुर्बान अखाड़ा द्वारा इन लोगों का साफा बांधकर इस्तेकबाल किया. पुलिस व्यवस्था चाक–चौबंद रही एस.आई कर्मवीर सिंह व तहसीलदार दोजीराम अहिरवार मुख्य नपाधिकारी रईस खान दरोगा कुलदीप सिंह सहित पुलिस दल एवं नप कर्मचारी पूरे समय मौजूद रहे.

### ताजियों का विर्सन किया

**पड़ाना 07 जुलाई, सं.** सोमवार को हजरत इमाम हुसैन की याद में श्रद्धा के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया. ताजिए के साथ ढोल नगाड़ों के साथ करतब दिखाते हुए अखाड़े के कलाकार मंसूरी मोहल्ला ईमाम चोक से सदर बाजार नाना गोया आसारेटा चोराहा पहुंचे. अखाड़े के उस्ताद एवं पुलिस चौकी प्रभारी एसआईबीएस भूरिया का फूल मालाओ के साथ साफा पहनाकर स्वागत किया. इससे पहले हाट मैदान में समाज सेवी मो जाबिर बुंदू भाई, इलियास चक्की, अबरार भाई, खालिक हुसैन, बबलू शाह ने ताजिया विसर्जन की रस्म की तैयारी की. इस अवसर पर साकिर भाई, असलम भाई वेल्डिंग वाले, इलियास भाई चक्की, रईस शाह, शाहरुख, मिलन, बसीर शाह, रईस मंसूरी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### बलिदान के पर्व का समापन

**तलेन 07 जुलाई, सं.** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में मोहर्रम माह के चांद देखने के बाद से 11 दिनों तक मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में शहादत, त्याग (बलिदान) का पर्व मनाया जाता है. मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में मोहर्रम की ग्यारहवीं तारीख पर अखाड़ों, मातमी धुनों व अकीदत के साथ मोहर्रम के ताजिए निकाले गए. सोमवार को सुबह 11 बजे के करीब गांधी चौक बाजार से मोहर्रम का मातमी जुलूस अखाड़े,गाजे–बाजे,डीजे के साथ या अली,या हुसैन के नारों के साथ 8 ताजिए निकाले गए. जो पुरानी बस स्टैंड, इकलेरा चौराहा से होते हुए,बस स्टैंड पर रखे गये. रास्ते भर अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए. नगर तलेन के अखाड़े सहित नगर व आसपास क्षेत्र से आए अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए. नगर सहित आसपास से आए ग्रामीण अंचलों के मुस्लिम भाइयों का नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इमाम हुसैन की याद में निकलने वाले ताजियों को बस स्टैंड पर रखकर मुस्लिम समाज जनों द्वारा लोबान,अगरबत्ती,गुड़ और शकर से बनी रेवड़ी चढ़ाई और मन्नते मांगी गई।मोहर्रम कमेटी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया.

### चल समारोह के बाद अखाड़े का आयोजन

**पीलूखेड़ी 07 जुलाई, सं.** मोहर्रम का जुलूस प्रति वर्ष अनुसार गांव में निकाला गया. जुलूस में अखाड़े खेले गए गुलाल हार फूल से स्वागत किया गया. जुलूस पूरा होने के बाद सभी जगह से आए अखाड़े खेलने का आयोजन किया गया. जिसमें सभी अखाड़ों ने अपने–अपने जोहर दिखाए इस मौके पर अखाड़े में गीताखेड़ी, चांदबरली, पिपलिया, अहमदपुर, बड़नगर, चरनाल, सेमलिया, बड़बेली, खेजड़ा ,श्यामपुर, सरखेड़ा आदि अखाड़े के साथ–साथ गांव में मेले का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार किया गया जहां पर सैकड़ो की तादाद में दुकान लगाई गई झूले लगाए गए जिसमें हजारों की तादाद में लोग उपस्थित रहे जिसमें पुलिस प्रशासन ने पूरे समय व्यवस्थाएं बनाई रखी. आयोजन में कुरावर टी आई संगीता शर्मा, अरविंद राजपूत, मुकेश मीणा, संदीप, राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी हल्का पटवारी अर्पित सक्सेना ,जितेंद्र पांडे, जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, एवं सभी दूर आए अखाड़े के उस्तादों और वरिष्ठ ग्रामीणों का हरफूल साफे बांध कर अतिथियों का स्वागत इस्लामी अखाड़ा पीलूखेड़ी अध्यक्ष नईम पठान उर्फ भूरा, उपाध्यक्ष गुफरान खान, सचिव आबिद मेव उर्फ मुन्ना, संरक्षक उस्मान खान,आकिब खान, जहीर खान,इसाक खान, कमरुद्दीन, नूरुद्दीन खा, वसीम खान, डॉ रईस खान, अखाड़े के उस्ताद शब्बीर खान के द्वारा किया गया.

### मातमीं धुनों के बीच निकले ताजिए

**छापीहेड़ा 07 जुलाई, सं.** नगर में मुस्लिम समाज द्वारा हजरत इमाम हुसैन की मैदान ए कर्बला में हुई शहादत की याद में सोमवार को मातमी धुनों के साथ ताजिया का जुलूस निकाला गया. इस दौरान लोगों ने हुसैन को याद कर मातम मनाया. वहीं ताजिया की अगुवाई में युवाओं ने अखाड़े में हैरत अंगेज करतब दिखाए. जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा. सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने गमगीन माहौल में कर्बला के शहीदों को याद कर उन्हें शहादत पेश की. देश के अमन चैनगकी दुआ मांगी गई.

**आपदा** — खेत पर बकरी चराने गए थे, बारिश के दौरान छाता लगाकर बैठे थे, गर्जना के साथ गिरी बिजली

# छाते के नीचे बैठे ग्रामीण पर गिरी आकाशीय बिजली, झुलसा

**गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर**

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 07 जुलाई, सं. सोमवार की शाम को सुठालिया थानांतर्गत ग्राम कानेड़ के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से एक ग्रामीण झुलस गया जिसे जिला चिकित्सालय रेफर किया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कानेड़ निवासी गंगाधर पिता खूबचंद लोधी उम्र 40 साल निवासी कानेड़ शाम 4 बजे बकरी चराने जंगल में गया हुआ था. बारिश होने पर वह छतरी लगाकर खड़ा था तभी जोर की गर्जना के साथ आकाशीय बिजली ग्रामीण के समीप आ गिरी जिससे वह झुलस जाने से घायल होकर बेहोश हो गया. कुछ दूर मौजूद कानेड़ निवासी भारत सिंह पिता उमराव सिंह लोधी ने घटना की सूचना ग्रामीण के परिजन, ग्रामीणों को दी. जिसके बाद ग्रामीणजन बाइक लेकर मौके पर पहुंचे तथा घायल ग्रामीण को सुठालिया स्थित शासकीय अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद ग्रामीण को राजगढ़ स्थित जिला चिकित्सालय रेफर किया गया.

### सेना में पदस्थ हवलदार का देहावसान

**नवभारत न्यूज,** सारंगपुर 07 जुलाई, सं. नगर से करीब 5 किमी दूर ग्राम बालोड़ी निवासी सेना में हवलदार के पद पर पदस्थ दीपसिंह सौलंकी का उपचार के दौरान सोमवार दिल्ली के अस्पताल में देहावसान हो गया. जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय श्री सौलंकी पूर्व में सिक्कम में पदस्थ थे. तत्पश्चात वह दिल्ली आ गये. इसी बीच उनका स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. श्री सौलंकी बीते 15 वर्षो से सेना में पदस्थ थे. वह सुशांत सिंह सौलंकी, सौरभ सौलंकी के पिताश्री थे. उनकी पार्थिव देह को आज दिल्ली से हवाई मार्ग द्वारा इंदौर तथा इंदौर से सारंगपुर लाया जाएगा. प्रातः 11 बजे उनका ग्राम बालोड़ी में अंतिम संस्कार किया जाएगा.



### 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन ब ?ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है. प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरष्ठि अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे. उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे. अब राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है.

## वर्गीकृत विज्ञापन

